# Press Release

TATA POWER-DDL

**Wednesday, 27 November 2024** **For Immediate Release**
**New Delhi**

# टाटा पावर-डीडीएल ने लॉन्च किया 'ग्रीन वॉरियर्स 3.0' कैम्पेन जिसके तहत इंडस्ट्री से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लेने वाले पक्षों को उनके 'सस्टेनेबल ट्रांज़िशन' के अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है

नॉर्थ दिल्ली में 9 मिलियन से अधिक की आबादी के लिए बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने अपनी सस्टेनेबिलिटी जागरूकता पहल के अंतर्गत अपने कैम्पेन 'ग्रीन वॉरियर्स 3.0' को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस कैम्पेन के तहत, महत्वपूर्ण फैसले लेने वाले पक्षों, ब्रैंड्स और व्यक्तयों को सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में उनके अनोखे अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित कया गया है। इस कैम्पेन के माध्यम से, डिस्कॉम ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के संवेदनशील मुद्दों को संबोधित करने के लिए सस्टेनेबल प्रथाओं को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।

यह कैम्पेन टाटा पावर-डीडीएल की 'ऊर्जा अर्पण' पहल से मेल खाता है जिसका मकसद एनर्जी एफिशिएंट प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज़ के जरिए व्यक्तिगत यूज़र्स और संगठनों को बिजली की जिम्मेदारी के साथ ऑप्टिमल खपत को प्रोत्साहित करना है। यह अधिक हरे-भरे भविष्य के लिए सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को अपनाने को प्रोत्साहित और प्रेरित करने के लिए बिजनेस लीडर्स के वास्ते प्लेटफार्म तैयार करने के लिए भी प्रयत्नशील है।

**'ग्रीन वॉरियर्स 3.0' कैम्पेन को दो श्रेणियों में बांटा गया है - बी2बी तथा बी2सी। इसमें बी2बी श्रेणी के प्रतिभागियों को 2-मिनट के वीडियो के जरिए, सस्टेनेबिलिटी के अपने अनुभवों तथा इसके प्रभावों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है।** प्रत्येक वीडियो एंट्री में तीन हिस्से होने चाहिएः कंपनी का परिचय, कंपनी द्वारा लागू की गई प्रमुख सस्टेनेबल पहल तथा इसका प्रभाव। **वीडियो एंट्री को WeTransfer या WeSendIt के जरिए corporate.communication@tatapower-ddl.com पर दिसंबर 2024 तक** अपने नाम, बिजनेस और संपर्क नंबर के साथ भेजें।

**बी2सी प्रतिभागी** टाटा पावर-डीडीएल के सोशल मीडिया पेज पर साप्ताहिक सस्टेनेबिलिटी चैलेंज में हिस्सा ले सकते हैं। एंट्री जमा कराने की अंतिक तारीख दिसंबर 2024 (नियम एवं शर्तें लागू) है।

बी2बी वर्ग में, टॉप 5 वीडियो को पुरस्कृत किया जाएगा जबकि बी2सी श्रेणी में टॉप 10 एंट्रीज़ को आकर्षक उपहार मिलेंगे। सभी एंट्री टाटा पावर-डीडीएल के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी प्रदर्शित की जाएंगी। विजेताओं को एक्सीलेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

प्रविष्टियों (एंट्री) का मूल्यांकन टाटा पावर-डीडीएल के सीनियर अधिकारियों की जूरी द्वारा किया जाएगा।

इस पहल के बारे में, **श्री गजानन एस काले**, **चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर**, **टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *“टाटा पावर-डीडीएल सस्टेनेबिलिटी के अग्रिम मोर्चे पर है, और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने और सामुदायिक स्तर पर सभी के लिए स्वास्थ्य को बढ़ावा के लिए जिम्मेदारी के साथ एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में कार्यरत है। 'ग्रीन वॉरियर्स 3.0' कैम्पेन इस कड़ी में तीसरा अध्याय है, जिसका आयोजन हमारी पिछली दो कड़ियों को मिले जबर्दस्त रिसपॉन्स को देखते हुए किया गया। हम अन्य संगठनों से भी यह आशा करते हैं कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक हरे-भरे भविष्य के वास्ते इस रिकग्निशन का पूरा फायदा उठाएं।”*

अधिक जानकारी और इस प्रतियोगिता के नियमों एवं शर्तों के बारे में, तथा कैम्पेन के पिछले दो एडिशंस के बारे में और जानकारी के लिए नीचे दिए गए लिंक को देखें: https://www.tatapower-ddl.com/media/Green_Warriors_Overview

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53%

के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


For further information please contact:

| **Corporate Communications:** | | **Slough PR:** |
|---|---|---|
| Sonia Sarin | (9910292599) | Abhishek Anand(9711061540) |


Blog